राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## 'द एम्पलायर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान' का स्थापना और बेस्ट एम्पलायर अवार्ड समारोह आयोजित

## 'औद्योगिक विकास के साथ प्रभावी कार्मिक प्रबंधन जरूरी

# राजस्थान देश का बड़ा औद्योगिक हब बने – राज्यपाल

जयपुर, 24 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान को बड़ा ओद्योगिक हब बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के प्रभावी विकास के साथ वहां कार्यरत कार्मिकों के कुशल प्रबंधन और वैष्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर कार्य दशाओं के निर्माण के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया है।

श्री मिश्र शनिवार को एक होटल में आयोजित 'द एम्पलायर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान' 58 वें स्थापना दिवस और बेस्ट एम्पलायर अवार्ड 2022 समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्योग और सेवा क्षेत्र के अंतर्गत राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 'श्रमेव जयते' तथा 'सत्यमेव जयते' को समान महत्व देते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने देश के श्रम कल्याण कानूनों की चर्चा करते हुए कहा कि इनका उद्देध्य यही है कि उद्योग या सेवा क्षेत्र में काम करने वाले प्रोत्साहित रहें। वे उत्पादन वृद्धि के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। उन्होंने उद्योगों एवं सेवा क्षेत्र द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी प्रतिबद्ध रहकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्व में 'बेस्ट एम्पलायर्स अवार्ड' के अलावा उत्कृष्ट औद्योगिक उत्पादन, श्रमिक सर्वश्रेष्ठ संबंधों, सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

प्रदेश की उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत ने औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए राज्य में विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि राजस्थान औद्योगिक विकास और निवेश में देश का अग्रणी राज्य बने। उन्होंने उद्योगों को दी जाने वाली सुविधाओं के साथ प्रदत्त छूट का लाभ लेकर लघु, वृहद और मध्यम उद्योगों के अधिकाधिक विकास का आह्वान किया। इस अवसर पर 'द एम्पलायर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान' के अध्यक्ष श्री एन. के. गुप्ता, मुख्य सलाहकार श्री ए.के. जैन, सचिव श्री सुदर्शन कुमार पाटनी ने भी विचार रखे।

राज्यपाल ने आरम्भ में सभी उपस्थित जनों को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

————————